**Need to ensure adequate supply of DAP to farmers-laid**

**श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) :** मैं सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जो किसानों के जीवन और रबी फसल की तैयारी से जुड़ा हुआ है । रबी सीजन की शुरुआत से पहले, हमारे किसानों को डीएपी खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है ।किसान देश की रीढ़ हैं, और उनकी समस्याओं का समाधान तत्काल होना चाहिए । मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि डीएपी खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और उसकी उपलब्धता के लिए एक ठोस योजना तैयार की जाए । यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े । डीएपी की अनुपलब्धता से प्रभावित किसानों को वैकल्पिक खाद पर सब्सिडी प्रदान की जाए । ज़मीनी स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए ताकि किसानों को समय पर सहायता मिल सके । किसानों की इस समस्या को अनदेखा करना देश की खाद्य सुरक्षा को संकट में डाल सकता है । अतः सरकार को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने चाहिए ।